हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 16 जुलाई 2025

06 नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में बहनों ने किए...



08 सड़कों पर दौड़ रहीं अनफिट यात्री बसें, जान को हथेली...






## खबर संक्षेप

### रिसोर्स पर्सन के लिए आवेदन 28 तक करें

**विदिशा।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया गया है। जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के इच्छुक लाभार्थियों को हंड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने जिला रिसोर्स पर्सन के रुप में चयन किया जाएगा। जिला रिसोर्स पर्सन फेसिलेटर के रुप में नियुक्ति के लिए आवेदन 28 जुलाई तक किए जा सकते हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर पेट्रोल पंपों की जांच शुरू

**विदिशा।** जिले के पेट्रोल पंपों का खाद्य विभाग और नापतौल विभाग के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया कि कलेक्टर अशुंल गुप्ता के निर्देश पर विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी मीना सोनी और नापतौल निरीक्षक ने मंगलवार को नटेरन स्थित मां आटो सर्विस पेट्रोल पंप की जांच की। उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले पेट्रोल के नापजौख हेतु निर्धारित पैमानों का परीक्षण किया।

### डीएपी छिड़काव न करें किसान, मिट्टी में मिलाएं

**विदिशा।** धान, सोयाबीन एवं मक्का के पौधों की वृद्धि के लिए किसान डीएपी का छिड़काव कर रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि डीएपी का उपयोग छिड़काव के लिए न करें। डीएपी मुख्य रूप से बोवनी के समय मिट्टी में मिलाकर उपयोग करने से लाभ होता है। फसल उगने के बाद फसल की वृद्धि के लिए यूरिया या नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का छिड़काव कर सकते हैं। जबकि डीएपी के छिड़काव करने से डीएपी में उपलब्ध मात्रा पौधों को न के बराबर उपलब्ध हो पाती है और व्यर्थ चली जाती है। जिससे किसानों को नुकसान होगा।

### डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण किया

**ग्यारसपुर।** कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल ने मंगलवार को डबल लॉक केंद्र पीपलखेड़ी, अटारीखेजड़ा का निरीक्षण किया। केंद्र पर डीएपी और यूरिया खाद का अब तक 100 से अधिक किसानों वितरण किया जा चुका है। प्रति किसान अधिकतम 10 बैग डीएपी दी जा रही है। वितरण पीओएस मशीन और पंजी में दर्ज कर अधिकारियों की निगरानी में हो रहा है। वहीं ग्राम लखूली में वट वृक्ष के नीचे चौपाल लगाकर उड़द मिनी किट का वितरण किया गया।

### कथा के तीसरे दिन दक्ष यज्ञ विध्वंस प्रसंग सुनाए

**विदिशा।** विनायक बैंक्विट हॉल में श्री राम कथा महोत्सव के तीसरे दिन पंडित संतोष शास्त्री ऋषि जी ने दक्ष यज्ञ विध्वंस प्रसंग सुनाते हुए यज्ञ में महादेव की उपेक्षा को अनिष्टकारी बताया। उन्होंने हरि-हर निंदा को गोहत्या समान पाप बताया और सीता-केवट प्रसंग से दांपत्य जीवन में त्याग व समर्पण का संदेश दिया। शिव-पार्वती विवाह व कार्तिकेय द्वारा तारकासुर वध का वर्णन भी किया। कथा में श्री लक्ष्मी नारायण दंडोतिया, डॉ. निर्मल चौरसिया, अनिल पुरोहित, राजेश राय, संतोष गुप्ता, पं. सतीश व्यास समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### गाय से टकराई बाइक तीन युवक गंभीर

**विदिशा।** ग्यारसपुर नेशनल हाईवे 146 पर मणिपुर के पास सोमवार देर रात एक बाइक हादसे में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सिमराहार पहाड़िया गांव के रहने वाले यह तीनों युवक एक ही बाइक पर जा रहे थे। अचानक सड़क पर बैठी गाय से टकरा गए। घायलों को ग्यारसपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर स्थिति में जिला चिकित्सालय विदिशा रेफर किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में खेतों की फसलें तैयार हैं, जिससे आवारा मवेशी हाईवे पर डेरा जमाए रहते हैं। यही लापरवाही आए दिन सड़क हादसों का कारण बन रही है।

---

नगरपालिका के पार्षदों के साथ कोतवाली पहुंचे नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा

## संदेह के आधार पर पुलिस ने पकड़ी कार थाने पहुंचे पार्षद बोले: यह नहीं वह कार



**विदिशा।** कार पकड़ाने की सूचना मिलने के बाद थाने पहुंचे पार्षद।



**विदिशा।** कायस्थ समाज ने घटना के विरोध में एसपी को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पार्षदों को टक्कर मारकर भागने वाली कार के संदेह में भोपाल से पकड़कर लाने की सूचना मिलते ही नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा कोतवाली थाने पहुंचे। उनके साथ पार्षदों का एक समूह भी था।

इस दौरान सीसीटीवी के वीडियो फुटेज से मिलान करने के बाद लोगों ने साफ इंकार किया कि यह गाड़ी नहीं हो सकती है। भोपाल से जिस कार को पकड़कर लाया गया है उसके चालक का कहना है कि वे तो भोपाल से विदिशा के बायपास होते हुए दमोह अपने गांव गए थे। शहर में उन्होंने प्रवेश ही नहीं किया। आशंका जताई जा रही है कि टक्कर मारने वाली कार के अगले हिस्से में डेंट जरूर आया होगा। पार्षदों ने मौके पर डेटिंग पेंटिंग करने वाले अनुभवी को बुलाकर पूछा तो उसने साफ कहा कि इस गाड़ी पर कोई डेंटिंग पेंटिंग नहीं है। कोतवाली टीआई आनंद राज ने कहा जांच चल रही है। पुलिस अभी तक किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। इस दौरान पार्षद शैलेंद्र भदौरिया, हिमांशु राजौरिया, अखिलेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र सक्सेना पर हुए हमले के विरोध में मंगलवार को कायस्थ समाज एकजुट हो गई।

समाज के पदाधिकारी सुबह 11 बजे विवेकानंद चौराहे पर एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां एसपी रोहित काशवानी को ज्ञापन देकर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। समाजजनों ने ज्ञापन में कहा है कि घायल हुए दोनों पार्षद प्रतिनिधियों और उनके परिजनों को स्थाई रूप से पुलिस सुरक्षा दी जाए। ताकि भय का माहौल समाप्त हो। पुलिस गंभीरता के साथ जांच करें। क्योंकि यह घटना पूर्व से सुनियोजित जान पड़ती है। तेज रफ्तार कार ने जान बूझकर पीछे से टक्कर मारी है। यह घटना न केवल एक आपराधिक हमला है बल्की जनसेवकों को डराने और लोकमंत्र को कमजोर करने का प्रयास है। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा की यदि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कार जब्त नहीं करती तो समाज द्वारा घटना के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

### दिनदहाड़े लूट, पुलिस ने 12 घंटे में किया खुलासा

**विदिशा।** 13 जुलाई को गुलाबगंज रोड पर रंगई निवासी केशव कुशवाह से दिनदहाड़े लूट की वारदात कर स्कूटी छीनने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बासौदा से विदिशा लौटते समय बाइक सवार दो युवकों ने बीच सड़क पर उसे डंडे से पीटा और एक लाख की स्कूटी व 500 नकद लूट लिए थे। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर गुलाबगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित जांच की। थाना प्रभारी मोहर सिंह मंडेलिया के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 12 घंटे में दोनों आरोपियों जितेंद्र अहिरवार घटेरा और फरहान खान भोपाल को गिरफ्तार कर लूटी स्कूटी व एक अन्य चोरी की बाइक बरामद की।

### बीएमओ और स्टाफ नर्स के बीच तीखी झोंकझोंक

**हैदरगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में मंगलवार को प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एन अहिरवार और एक स्टाफ नर्स के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। विवाद मरीजों को कथित तौर पर गलत दवा देने के आरोप को लेकर हुआ। बीएमओ के अनुसार पूछताछ के दौरान स्टाफ नर्स ने अशोभनीय व्यवहार किया। जिससे मामला और बिगड़ गया। डॉ. ने कहा कि नर्स गैरजिम्मेदाराना हैं और शिकायत अधिकारियों से कर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। घटना के बाद स्वास्थ्य केंद्र का माहौल बिगड़ गया।

लटेरी के जंगलों में एक ही दिन में मिले दो शव

## एक की पत्थर से कुचली लाश और दूसरे का नर कंकाल मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी के जंगलों में मंगलवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग स्थानों से शव मिलने से सनसनी फैल गई। पहली वारदात में युवक की पत्थर से कुचलकर नृशंस हत्या कर दी गई, जबकि दूसरी घटना में वृद्ध का शव पूरी तरह से कंकाल में तब्दील होकर जंगली जानवरों के खाने से बिखरा हुआ मिला।

### पहली घटना: पत्थर से कुचलकर बेरहम हत्या

लटेरी से 16 किमी दूर गुना जिले की सीमा से सटे सोजनीखेड़ा रोड के जंगल में मंगलवार को एक युवक की खून से सनी लाश मिली। शव का सिर पत्थर से इतनी बेरहमी से कुचला गया था कि पहचान तक मुश्किल हो गई।

जंगली जानवर शव का सिर भी नोच ले गए। एफएसएल टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव की पहचान संजू लोधी पिता ओंकार लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी मधुसूदनगढ़, जिला गुना के रूप में हुई।

संजू 12 जुलाई को किसी अनजान कॉल के बाद 'कामखेड़ा बालाजी दर्शन' जाने की बात कहकर निकला था और फिर गायब हो गया। तीन दिन तक उसकी तलाश होती रही लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को जंगल से अज्ञात शव की सूचना मिली। मृतक की मोटर साइकिल भी घटनास्थल के पास बरामद हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल विदिशा भेजा है और हत्या की आशंका को पुख्ता मानते हुए गहन जांच शुरू कर दी है।

### दूसरी घटना: पुलिस को मानव कंकाल मिला

मंगलवार को ही दूसरी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई जब लटेरी क्षेत्र के ही जंगल में एक वृद्ध का कंकाल मिला। मृतक की पहचान छीतर लाल अहिरवार उम्र 70 वर्ष निवासी लटेरी के रूप में हुई है। छीतर लाल 9 जुलाई को बड़ी मदाग्नि आश्रम जाने की कहकर घर से निकले थे और फिर कभी वापस नहीं लौटे। परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन 15 जुलाई को सुबह मदाग्नि आश्रम यात्री प्रतीक्षालय के सामने जंगल में मानव कंकाल पड़े होने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो शरीर के कुछ अवशेष और कपड़े-जूते देखकर पहचान की। शव जंगली जानवरों द्वारा खाए जाने के कारण सिर्फ कंकाल और कुछ अवशेष ही शेष थे।

## भीषण सड़क हादसा: आधी रात को हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

मानोरा स्थित बिजलीघर के सामने बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर दो तेज रफ्तार ट्रकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर में एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह चकनाचूर हो गए। उप निरीक्षक धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि इंदौर से सागर की ओर जा रहे एक एसी कंटेनर ट्रक में केक बनाने की क्रीम थी। वह सागर से विदिशा की ओर आ रहे एक अन्य ट्रक से आमने-सामने टकरा गया।



### हादसे में कंटेनर का मालिक भी घायल

टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और कंटेनर ट्रक के चालक सुरेश कुमार पाल की मौत हो गई। सुरेश मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुलताई देवरी के निवासी थे और वर्तमान में इंदौर में रह रहे थे। कंटेनर ट्रक में सवार उसके मालिक सुरेंद्र गहलोत उम्र 51 वर्ष निवासी श्याम नगर इंदौर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

### बच्चों ने बेची किताबें कबाड़ी के पास मिलीं

**हरिभूमि न्यूज. हैदरगढ़।** नगर में महल के सामने एक कबाड़ वाले की दुकान पर कई पुस्तक भीगने के बाद धूप में सूखने को रखी हुई थी जिसकी जानकारी ग्यारसपुर एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय को लगी। एसडीएम के द्वारा तत्काल शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों से जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया। जिस पर संकुल प्राचार्य पूजा कुर्मी द्वारा जांच रिपोर्ट प्रेषित की गई और उसमें लेख किया गया कि उपरोक्त पुस्तकें प्रचलन में नहीं है। कबाड़ी ने यह बताया कि पुस्तक गांव में बच्चों के द्वारा विक्रय की गईं।

## गंदगी, क्षतिग्रस्त सड़कें और जलभराव से परेशान अरिहंत बिहार के रहवासी, कलेक्टर से लगाई गुहार

**ब्रिज से मंडी तक अतिक्रमण के कारण जाम लगने की शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अरिहंत विहार कॉलोनी के रहवासी मंगलवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मिले। बुनियादी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। रहवासियों ने बताया कॉलोनी में लंबे समय से गंदगी, क्षतिग्रस्त सड़कें, जलभराव, अतिक्रमण और आवारा मवेशियों की समस्या बनी हुई है। 3 जून को नपा को भी ज्ञापन दिया था पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

रहवासियों ने ब्रिज से गल्ला मंडी तक अतिक्रमण के चलते रोज ट्रैफिक जाम की शिकायत की। गलियों में सफाई न होने और सड़कों के डामरीकरण की जरूरत जताई। हनुमान मंदिर मार्ग पर अव्यवस्थित स्पीड ब्रेकर और जैन मंदिर के पास जलभराव की भी समस्या उठाई। रहवासियों ने विनायक हाइट्स का बंद गेट खोलने, फेस-2 चौराहे का आकार छोटा करने और मुख्य सड़कों पर मानक अनुसार स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की। कलेक्टर ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।




### ढोलखेड़ी मंडल की पहली बैठक हुई

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी ढोलखेड़ी मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी की पहली बैठक प्रेमश्री मैरिज गार्डन, ढोलखेड़ी चौराह पर हुई। बैठक का शुभारंभ विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने किया। विधायक टंडन ने कार्यकारिणी को बधाई देते हुए अनुशासन और संगठनात्मक एकता से कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे, जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन अंकित दुबे व आभार चेतन चौहान ने व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गुजरात के गिरनार तीर्थक्षेत्र में जैन श्रद्धालुओं को दर्शन से रोके लगाने पर समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुजरात के गिरनार तीर्थक्षेत्र में जैन श्रद्धालुओं को दर्शन से रोके के मामले में मंगलवार को सकल दिगंबर जैन समाज ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। जैन समाज की महिला मंडल के पदाधिकारियों ने डिप्टी कलेक्टर संतोष विटोलिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में गिरनार धर्म क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण और जैन समुदाय पर हुए हमलों की निंदा की गई है। जैन समाज का कहना है कि गिरनार एक पवित्र तीर्थक्षेत्र है। यहां कुछ असामाजिक तत्व अवैध निर्माण कर धर्मस्थल की गरिमा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। महिला मंडल की ज्योति जैन ने कहा पवित्र स्थल पर हो रहे अतिक्रमण से दुखी हैं। राष्ट्रपति से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यह पूरे जैन समाज की आस्था का विषय है। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। 2 जुलाई को गिरनार जी में निर्माण महोत्सव के दौरान जो घटना हुई, उसका समाज विरोध कर रहा है। देशभर में इस मुद्दे पर प्रदर्शन हो रहे हैं और सरकार से न्याय की मांग की जा रही है।



**विदिशा।** श्रद्धालुओं के दर्शन पर रोक के विरोध में ज्ञापन देतीं हुई महिलाएं।

### 89 घरों में सर्वे किया तो 5 में मिला लार्वा

**विदिशा।** शहरी क्षेत्र में डेंगू रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता रथ चलाया जा रहा है। जो खरीफाटक, पीतलमील, राघवजी कॉलोनी, तोपपुरा, मोहनगिरी और अरिहंत बिहार में भ्रमण कर नागरिकों को जागरूक कर रहा है। मलेरिया टीम ने 89 घरों में लार्वा सर्वे किया। जिसमें 5 घरों में डेंगू के लार्वा पाए गए और उन्हें कीटनाशक से नष्ट किया गया। जनसमुदाय से अपील की गई है कि वे कूलर, टंकियों, कंटेनरों की नियमित सफाई करें और मच्छरदानी, मॉस्किटो कॉइल व नीम के धुएं से बचाव करें। तेज बुखार, सिरदर्द, चकत्ते या खून बहने की स्थिति में अस्पताल या मेडिकल कॉलेज में जांच कराएं।

## ओडिशा में छात्रा से रेप, विदिशा में छात्रों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ओडिशा के एक कॉलेज में छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में मंगलवार को अभाविप विदिशा में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

छात्रों ने ने कहा कि शिक्षा संस्थानों में छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिलनी चाहिए। संगठन ने एनएसयूआई पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। नेता शालिनी वर्मा ने बताया कि पीड़िता ने आरोपी प्रोफेसर समीर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। कार्रवाई न होने पर छात्रा ने आत्मदाह कर लिया। आरोपी को तो फांसी होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि एनएसयूआई पीड़िता का नहीं बल्कि आरोपी प्रोफेसर का समर्थन कर रही है। संगठन का कहना है कि जो लोग इस मामले को राजनीतिक रंग दे रहे हैं, वे छात्रों के साथ नहीं बल्कि अपराधियों के साथ खड़े हैं।



पुलिस ने शुरू किया नशे से दूरी है जरूरी अभियान, मुख्य मार्गों से रैली निकाली

## नशीले पदार्थों के विक्रय की सूचना दें, गुप्त रखेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नशे से दूरी है जरूरी अभियान का शुभारंभ विदिशा जिले में 15 से 30 जुलाई तक पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में किया गया। नशा विरोधी जनजागरूकता कार्यक्रम जारी हैं। विभिन्न थानों ने विद्यालयों से रैली निकाली, शपथ दिलाई और नशे के दुष्परिणाम समझाए।

लटेरी, गंजबासौदा, करारिया, दीपनाखेड़ा, मुगलसराय और नटेरन में छात्रों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही। युवाओं को नशे से बचाने का संदेश दिया गया। पुलिस ने नशीले पदार्थों की सूचना गुप्त रखने और हेल्पलाइन 7587637810 पर जानकारी देने की अपील की। जागरूक नागरिक बनें और पुलिस का साथ दें। इधर शमशाबाद में अभियान के तहत पुलिस ने जनजागरूकता रैली निकाली। स्कूली बच्चों और नागरिकों ने तख्तियां लेकर नशा मुक्त समाज का संदेश दिया। विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने शपथ दिलाते हुए कहा कि जिस घर में शराब का सेवन होगा, वहां कलयुग का प्रभाव और बर्बादी आएगी। उन्होंने नई पीढ़ी को नशे से बचाने पर जोर दिया। एसडीएम अजय प्रताप सिंह ने समाज के हर वर्ग से सक्रिय भागीदारी की अपील की। रैली में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, कर्मचारी और छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए।



**विदिशा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शहर में निकाली रैली।




**कुरवाई।** कुरवाई में पुलिस अधिकारियों ने रैली निकालकर किया शुभारंभ।

### नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान का शुभारंभ

**कुरवाई।** 15 से 30 जुलाई तक विशेष नशा विरोधी जागरूकता अभियान की शुरुआत शासकीय कन्या विद्यालय से हुई। एसडीएम नितिन जैन, एसडीओपी रोशनी सिंह ठाकुर, टीआई आर के मिश्रा सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, छात्र-छात्राएं और पुलिस बल रैली में शामिल हुए। शहर के मुख्य मार्गों पर पोस्टरों और नारों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। एसडीओपी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना और समाज को सुरक्षित बनाना है।

### कांवड़ यात्रा संयोजक बनीं मनीषा राजपूत



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** हिंदू उत्सव समिति 4 अगस्त सावन के चौथे सोमवार को भव्य कावड़ यात्रा निकालेगी। यात्रा सुबह 9 बजे बड़वाले घाट हनुमान मंदिर से शुरू होकर माधवगंज स्थित कांच मंदिर में जलाभिषेक के साथ संपन्न होगी। समिति की बैठक में कावड़ यात्रा का संयोजक मनीषा अखिलेश राजपूत को बनाया गया। अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने तैयारियों पर जोर दिया। पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने घाट पर वॉटरप्रूफ टेंट और जल भरने के लिए टीम बनाने सुझाव दिया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव- 3170
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2650
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2418
उच्चतम भाव-2440
चना
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5735
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3501
धान
न्यूनतम भाव-1780
उच्चतम भाव-3100
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-7160
सरसों
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-8000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4332
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-75800
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-4800
धनिया
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6400
जौ
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2300
ज्वार
न्यूनतम भाव-1820
उच्चतम भाव-1820
मैथीदाना
न्यूनतम भाव-3992
उच्चतम भाव-3992

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 7354 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### गंजबासौदा में 37.2 मिमी वर्षा दर्ज

**गंजबासौदा।** अधीक्षक भू-अभिलेख सविता पटेल ने बताया कि जिले की तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रों पर मंगलवार सुबह प्रातः 8 बजे 13.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। सर्वाधिक वर्षा बासौदा तहसील में 37.2 दर्ज की गई हैं।

### गुफा मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**त्योंदा।** श्रावण मास के पहले सोमवार को त्यौंदा स्थित शिव गुफा मंदिर में शिवार्चन के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान गुफा मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर शर्मा द्वारा शिव अभिषेक कराया गया।



# नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में बहनों ने किए खाटू श्याम बाबा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की सदस्यों ने गत दिवस भगवान खाटू श्याम के दर्शन कर क्षेत्र के लिए मंगल कामना की प्रार्थना की। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा सभी 40 सदस्याओं को यह धार्मिक यात्रा कराई गई थी।

इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभी भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याओं को तिलक लगाया गया एवं गंज मंदिर के महंत त्यागी महाराज द्वारा सभी बहनों को रक्षा सूत्र बांधे गए। इसके बाद यह यात्रा गंतव्य की ओर रवाना हुई। खाटू श्याम पहुंचकर सभी सदस्याओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए और उनके दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने भी भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याओं की इस धार्मिक यात्रा की शुभकामनाएं दीं। सभी ने बाबा के दर्शन कर प्रसाद चढ़ाया।





## महाराणा प्रताप राजपूत समिति ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को श्री महाराणा प्रताप राजपूत समिति एवं करणी सेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम विजय राय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें हरदा के राजपूत समाज छात्रावास में हुई घटना की जांच की मांग की गई है। करणी सेना के जिला अध्यक्ष संदीप चौहान ने कहा कि हरदा में छात्रावास की बच्चियों और राजपूत समाज के युवाओं के साथ पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई निंदनीय है। इस घटना से पूरे समाज में आक्रोश है। मध्यप्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन दिए जा रहे हैं। करणी सेना ने प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों के निलंबन की मांग की है। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे सर्व समाज के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होंगे। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने संभावित प्रदर्शन को देखते हुए एसडीएम कार्यालय के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया था। इस मौके पर बसंत सिंह राजपूत, अमान सिंह, जगदीप सिंह, सतनाम सिंह, राहुल प्रताप सिंह राजपूत, संदीप चौहान, सुरेन्द्र राजपूत, शैलेन्द्र राजपूत, जीत तोमर, राज्यवर्धन सिंह राजपूत, सुरेन्द्र सिंह , रघुवीर चौहान, प्रकाश सिंह, राज्यपाल सिंह , रवि चौहान, अनिल चौहान, वंश तोमर, शैलेन्द्र राजपूत, विक्रम राजपूत, शिवम भदोरिया, रोहन राजपूत, उज्जवल तोमरसहित राजपूत समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने विकास के लिए जताया विधायक हरिसिंह रघुवंशी का आभार

# विधायक निधि से स्वीकृत हुए 19 करोड़ 56 लाख के सड़क मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर विकास का पहिया चल पड़ा है क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी के अथक प्रयास से क्षेत्र में कुल करीब 19 करोड़ 56 लाख के सड़क स्वीकृत हुए हैं जिनके निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को एजेंसी बनाया गया है। यह बात मीडिया को क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने बताई। उन्होंने कहा कि विभिन्न सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है आगामी एक से दो माह में निविदा का कार्य पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि मेरा लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उदय का है। हमारे मार्गदर्शक दीनदयाल उपाध्याय, श्याप्रसाद मुखर्जी हैं, जिन्होंने अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उदय की बात कही है। उन्होंने कहा कि जो सड़क मार्ग स्वीकृत हुए है उनमें से कुछ ऐसे हैं जिनकी मांग वर्षों से चली आ रही थी लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं था। उन्होंने कहा कि अधिकांश विकास पर ध्यान लोगों का शहरी विकास की तरफ अधिक होता है और ग्रामीण विकास इस धुन्ध में पिछड़ जाता है इसलिए मैंने इस बार जो सड़क स्वीकृत करवाई हैं उनमें अधिकांश वे ही सड़क हैं। विधायक हरीसिंह रघुवंशी ने कहा कि अब विकास का पहिया नहीं रुकेगा क्योंकि केंद्र सरकार में प्रधान सेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं। वहीं प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं, इसलिए अब क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे।

**यह सड़क निर्माण हुए स्वीकृत**

बासौदा बरेठ मेनरोड (धर्मकाटा) से विजय नगर (फेज-2) से खेरुआ (हरिपुर) तक मार्ग एवं नोघई प्र.म. सड़क से हा. से. स्कूल तक सड़क निर्माण जिसकी कुल लंबाई 2.60 किलोमीटर है व इस सड़क की कुल लागत 105.50 लाख रुपए है। पबई से हिन्नोदा मार्ग एवं आदिवासी बस्ती टपरा से आकाडोंडा केवटन नदी तक मार्ग जिसकी कुल लंबाई 0.90 किलोमीटर है व इसकी अनुमानित लागत 92.48 लाख रूपए है, करारी से करोंदा खुर्द मार्ग इस सड़क की कुल लंबाई करीब 3 किलोमीटर है व इसकी अनुमानित लागत 335.75 लाख रुपए है। फरीदपुर से मड़िया दाखली मार्ग इस सड़क की लंबाई करीब 3 किलोमीटर है व लगत अनुमानित 325.35 लाख रुपए है।

बेतौली (स्वरूपनगर) से सेमरा मार्ग इस सड़क की लंबाई करीब 3.50 किलोमीटर है। व सड़क की अनुमानित लागत 359.32 लाख रुपए है। बेहलोट चौकी बासौदा शहरी बाईपास मार्ग इस सड़क की कुल लंबाई करीब 2 किलोमीटर है व सड़क की अनुमानित लागत करीब 572.12 लाख रुपए है। पंचायत भवन से हासे स्कूल नोरजा मार्ग किसकी कुल लंबाई 1 किमी है व अनुमानित लागत 165.7 लाख रुपए है। विधायक ने बताया कि शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया के उपरांत इन सड़कों का निर्माण प्रारंभ होगा।

**ग्रामीणों ने जताया आभार**

करीब 19 करोड़ की लागत से क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्य स्वीकृत होने से ग्रामीण क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्र के दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने विधायक हरीसिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## रासेयो नवांकुर इकाई स्वयं सेवकों ने दिया रैली निकालकर नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा जन जागरण के अंतर्गत दिनांक 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के 300 स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर नगरवासियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। तत्पश्चात यह रैली थाना प्रांगण में पहुंची। जहाँ एसडीओपी शिखा भलावी द्वारा नशे से होने वाली हानियों के बारे में बताया गया तथा नशा करने वाले व्यक्तियों से सतर्क रहने को कहा गया। इस अवसर पर बासौदा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण थाने के नगर निरीक्षकों द्वारा छात्रों को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में यह रैली नेहरू चौक होते हुए लाल परेड ग्राउंड पहुँची, जहाँ रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर एसडीओपी, तहसीलदार ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान पर संबोधन देते हुए नशे से दूर रहने की हिदायत दी तथा जो नशा करते हैं, उनसे भी दूरी बनाए रखने और सावधानी बरतने की सलाह स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं को दी गई। इस अवसर पर नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा, बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा, संगीत प्रभारी रामकिशन राठौर व विनय सोनी भी उपस्थित थे।

### विहिप त्योंदा प्रखंड की बैठक संपन्न

**त्योंदा।** आगामी कार्य योजना के निमित्त विश्व हिंदू परिषद त्योंदा प्रखंड की बैठक मंगलवार को त्योंदा संस्कृतिक भवन में संपन्न हुई। जिसमें प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख सत्यम दुबे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में प्रखंड मंत्री गौरव पटेल, संयोजक आयुष शर्मा, अखाड़ा प्रमुख जगदीश गुर्जर, सहमंत्री आकाश कुशवाह, सह संयोजक अमन रिछरिया, मात्रशक्ति की भगिनी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मलित हुए।



## पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के जन्मदिवस पर किया गया नेत्र शिविर आयोजित



**गंजबासौदा।** मील रोड स्थित सद्गुरु विज़न सेंटर पर सुनील बाबू पिंगले द्वारा वार्षिक जन्मोत्सव समिति के संकल्प के अनुरूप 7 वां रचनात्मक कार्यक्रम नेत्र शिविर का आयोजन मप्र के पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप मे मनाया गया। जिसमे डॉ राजकरण वर्मा एवं अभिषेक जादौन पिंकू जादौन ने लगभग 123मरीजों नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए। वही दूसरी और 47 लोगों को दवाइयों का वितरण किया। 29 मरीजों को मोतिया बिन्द चिन्हित किया और 18 लोगों को चश्मे वितरित किए और 21 लोगों के चश्मे के नंबर निकाले गए। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी। वरिष्ठ समाज सवी गणेश राम रघुवंशी डॉ एके जैन ने कहा की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। विजय अरोरा,दीपक तिवारी, हमेंत भंडारी, सरदार सिंह सिसोदिया, ने अपना सक्रिय सहयोग दिया। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्र सेवा समिति का गुरु पूजन एवं मातृ संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** राष्ट्र सेविका समिति द्वारा गुरु पूजन एवं पंच परिवर्तन में मातृ शक्ति की भूमिका विषय पर मानस भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समिति सेविका बहनों ने गुरु के प्रतीक भगवा ध्वज को लगाकर समिति प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी शिखा भालवी ने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुणों के साथ ही वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों व सोशल मीडिया से सतर्कता पूर्ण व्यवहार के बारे में समझाया। मुख्य वक्ता डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी विभाग कार्यवाहिका विदिशा ने महिलाओं को पंच परिवर्तन स्व बोध जिसमें अपनी भाषा, भूषा, भोजन, भवन और भ्रमण के स्थानों के प्रति स्वाभिमान का भाव होना, पर्यावरण में प्रकृति पूजक के साथ ही पॉलीथीन के उपयोग से बचना, समाज में समरसता मातृ शक्ति ही ला सकती है, छोटे छोटे आचरण से स्वयं व परिवार को नागरिक दायित्वों का बोध तथा सबसे महत्वपूर्ण परिवार प्रबोधन जो की भारत की परिवार व्यवस्था की धुरी है से अवगत कराया। सेविका बहनों ने घोष वादन के साथ ध्वज पूजन किया, कार्यक्रम के दौरान आभार नगर कार्यवाहिका प्रियंका माथुर ने किया। इस अवसर पर जिला कार्यवाहिका अवंतिका बघेल, जिला संपर्क प्रमुख जयश्री रघुवंशी सहित अनेक संगठनो की बहनें उपस्थित रहीं।




### नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा 15 से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को देहात थाने में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी मनोज दुबे की उपस्थिति में नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा चौराहा पर नुक्कड़ सभा की गई, रैली निकाली गई। इस अवसर पर रक्षा समिति के दीपक तिवारी, सक्रिय सदस्य, गणमान्य नागरिक नीरज मिश्रा, सतीश दुबे, डॉ अशोक रोहिले, विजय अरोरा, नरेंद्र जैन, दीपक जोशी आदि उपस्थित थे।

## रघुवंशी समाज धर्मशाला में हो रहा आयोजन, उमड़ा भक्तों का सैलाब

# श्रीमद् भागवत कथा को लेकर निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर डॉ. विनीत तिवारी एवं डॉ. कंचन तिवारी को सपत्नीक यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर से रघुवंशी समाज धर्मशाला तक आयोजित भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस यात्रा में यजमान डॉ. विनीत तिवारी के सिर पर श्रीमद् भागवत पुराण विराजमान थी, कलश यात्रा के दौरान रास्ते में भक्तों ने ठाकुर जी एवं श्रीमद् भागवत पुराण एवं कलश यात्रा में शामिल भक्तों पर पुष्पवर्षा की। कलश यात्रा में श्रीधाम वृंदावन से पधारे भगवत रसिक उज्वल कृष्ण महाराज, हनुमान मंदिर मूड़री धाम के महंत परशुराम दास महाराज, मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर के महंत रामगुलाम दास महाराज सहित अनेक साधु-संतों व धर्म प्रेमी भक्तों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रघुवंशी समाज धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का पूज्य उज्वल कृष्ण महाराज ने अपनी मधुर वाणी से शुभारंभ किया। उन्होंने श्रीमद् भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, श्रीमद् भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम है। यह न केवल प्रभु श्री कृष्ण के दिव्य चरित्र का वर्णन करता है, बल्कि मानव जीवन को सत्य, धर्म और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस कथा को श्रवण करने से मनुष्य के मन की शंकाएं दूर होती हैं और वह परम आनंद की प्राप्ति करता है। उनकी दिव्य वाणी ने सभी श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर आत्मिक आनंद की अनुभूति कराई। यह अवसर सभी भक्तों के लिए अविस्मरणीय और हृदय को स्पर्श करने वाला रहा।

इसमें प्रमुख रूप से रामेश्वरम से पधारे रामसेवक दास, पंडित श्याम शर्मा, पंडित महेश शास्त्री, प्रीति तिवारी, रामकृष्ण रघुवंशी, पार्षद मनीष विश्वकर्मा, हरिकृष्ण तिवारी, विशाल वैष्णव, गजराज राय, देवेंद्र भावसार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ने भक्तों के लिए भक्ति, ज्ञान और आनंद का संगम बनकर उनके जीवन को प्रभु श्री कृष्ण कृपा से आलोकित किया।

### नपा अमले ने विभिन्न वार्डों में कराई साफ, सफाई



**गंजबासौदा।** नगरपालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में आमजन की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए बारिश के मौसम में जल भराव की स्थिति को देखते हुए नपा सफाई अमले द्वारा नगर के अनेक वार्डों में साफ, सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नपा की जेसीबी मशीन से नालों की साफ, सफाई कराई गई। सफाई अभियान के दौरान वार्ड नंबर 22 सदर बाजार की चौक नाली को खुलवाया, वार्ड नं 21 में कब्रिस्तान से रजोदा रोड के गटर की सफाई कराई गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सहित प्रभारी मेट राजेश, धर्मेंद्र सहित अनेक नपा सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## प्रशासन की मनमानी को लेकर जैन समाज ने खोला मोर्चा



**गंज बासौदा।** विगत 2 जुलाई को गुजरात के जूनागढ़ स्थित गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक, जो कि जैन धर्म के 22 वे तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ स्वामी की निर्वाण स्थली पर पूरे भारत वर्ष से लगभग 50 हजार श्रद्धालु निर्वाण लाडू चढ़ाने पहुंचे थे। लेकिन पुलिस प्रशासन ने पूरे देश से पधारे श्रद्धालुओं को उनके पूजा के अधिकार से वंचित रखते हुए हिटलर शाही वाला रवैया अपनाया और श्रद्धालुओं को भगवान के जयकारा बोलते, द्रव्य चढ़ाने और निर्वाण लड्डू चढ़ाने पर रोक लगा दी। राष्ट्र निर्माण में सहयोगी एवं शांति प्रिय जैन समाज लोगों की पुलिस द्वारा 10 से अधिक स्थानों पर चेकिंग की। वहीं महिलाओं के साथ अभद्रता की घटना भी घटित हुई। भारत सरकार की पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग तथा गुजरात सरकार गजेटियर दोनों में स्पष्ट रूप से प्रमाणित किया है कि गिरनार पर्वत की पांचवी टोंक मूलतः जैन तीर्थ है और गुजरात उच्च न्यायालय ने वर्ष 2005 में स्पष्ट आदेश दिया है कि पांचवी टोंक पर कोई भी नया निर्माण न किया जाए। फिर भी गिरनार पर्वत पर तीव्र गति से अवैध निर्माण किया गया। ज्ञापन के माध्यम से सकल जैन समाज एवं जैन मिलन की सभी शाखाओं के प्रतिनिधियों एवं महिला मंडल ने मिलकर एक ज्ञापन तहसीलदार अरविंद यादव को सौंपकर गुजरात सरकार से मांग की है कि भारत सरकार के पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और राज्य सरकार के गजेटियर के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाए एवं अवैध रूप से स्थापित दत्तात्रेय मूर्ति को हटाया जाए एवं गिरनार पर्वत की पांचवी टोंक को संरक्षित जैन राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए। वहीं अल्पसंख्यक जैन समाज के हितों की रक्षा करते हुए सरकार अपना दायित्व निभाते हुए जैन तीर्थ गिरनार पर हो रहे अवैध कब्जों से मुक्त कराकर समाज को पूजा के अधिकार प्रदान करें।

## खबर संक्षेप

### महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास का शुभारंभ 27 जुलाई को

**सागर।** बामोरा में नवनिर्मित महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास आगामी 27 जुलाई को कन्या पूजन के साथ आरंभ होगा। इस छात्रावास में आर्थिक रूप से कमजोर 40 छात्राओं की निःशुल्क आवासीय व्यवस्था होगी। जिला क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में 40 छात्राओं के लिए आवास के साथ सभी सुविधाएं निशुल्क रहेंगी। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि आगामी 27 जुलाई, रविवार को 12 बजे महाराणा प्रताप कन्या छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों।

### जिले में अब तक 561.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 561.9 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 731.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 485.8 मि.मी., जैसीनगर में 475.3 मि.मी., राहतगढ़ में 731.2 मि.मी., बीना में 413.6 मि.मी., खुरई में 589.7 मि.मी, मालथौन में 514.0 मि.मी., बण्डा में 625.2 मि.मी, शाहगढ में 604.8 मि.मी, गढ़ाकोटा में 554.2 मि.मी, रहली में 532.1 मि.मी, देवरी में 588.7 मि.मी. तथा केसली में 627.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### जनसुनवाई में हुई 173 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 173 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

### अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** जन्म-मृत्यु पंजीयन से सबंधित जिला अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक टी०एल० बैठक के बाद कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं संबंधित अधिकारीगण सम्मिलित हुए।

### नोटिस जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सागर से सम्बद्ध बहु. प्राथ. कृषि साख सहकारी समितियों की सदस्य स्तर की वसूली वर्ष 2024-25 में 30 जून, 2025 की स्थिति पर जिले की 46 प्राथमिक समितियों के द्वारा वसूली कार्य में रूचि नहीं लेने नोटिस वितरण एवं सतत संपर्क नहीं करने के कारण 25 प्रतिशत से कम वसूली होने पर संज्ञान लेते हुए उक्त 46 समिति के सहायक समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### आधार केन्द्र पर आम नागरिकों को मिल रही बैठने की व्यवस्था, काम हो रहा फटाफट

# एसडीएम के प्रयास से घंटों का काम मिनटों में, आम नागरिकों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

एसडीएम हर्षल चौधरी के प्रयास से नगर में 7 नए आधार केन्द्र खुलने से अब आम नागरिको को अपने आधार में संशोधन के लिए यहा वहा भटकना नही पड रहा है। तो वही तहसील परिसर स्थित बीआरसी भवन में संचालित आधार केन्द्र पर ग्रामीण क्षेत्रो से आने वाले नागरिको को बैठने की व्यवस्था के साथ समय पर उनका काम किया जा रहा है। जिसके चलते उपभोक्ताओं में भी हर्ष व्याप्त है।




जब हरिभूमि ने आधार केन्द्र पर आए नागरिको से चर्चा की तो उन्होने बताया कि पहले हम जब अपने आधार में संशोधन के लिए आधार केन्द्र पर आते थे तो दिन भर लाइन में खडें होने के बाद भी हमारा काम नही हो पाता था। लेकिन अब तो बडी आसानी से हमारे आधार का कार्य हो गया। ग्राम कमरिया निवासी कमलेश कुशवाह ने बताया कि पहले के मुताबिक आधार केन्द्र बडने से आम नागरिको का परेशानियो का सामना करना नही पड रहा। उन्होने कहा कि विगत एक माह पहले में अपने पुत्र के आधार में संशोधन के लिए आधार केन्द्र पर आया और सुबह टोकन लेने के बाद भी देर शाम तक मेरा काम नही हो पाया। लेकिन आज जैसे ही में अपने आधार में संशोधन के लिए तहसील परिसर में स्थित बीआरसी भवन में संचालित आधार केन्द्र पर आया तो कुछ ही मिनटो में मेरे आधार में संशोधन हो गया। साथ ही पहले के मुताबिक केन्द्र पर बैठने की व्यवस्था में हमें मिली।

#### आम नागरिकों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

एसडीएम हर्षल चौधरी की निगरानी में संचालित आधार केन्द्रो पर अब नागरिको को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पड रहा है। साथ ही आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने की प्रक्रिया में बेहतर सेवाएं मिल रही हैं। एसडीएम हर्षल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहरी क्षेत्र में आधे दर्जन से अधिक नए आधार केंद्र खोले गए हैं निरीक्षण का उद्देश्य आधार कार्ड संबंधित कार्य में सुधार करना और लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जिन डिपार्टमेंट ने एनओसी जारी की है उनकी समय-समय पर निरीक्षण करते है। साथ ही संबंधित अधिकारी भी आधार कार्ड केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। तो वही आवश्यक सुधार के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं सोमवार को सहायक खाद्य अधिकारी अंसार नकवी ने तहसील परिसर स्थित बीआरसी भवन में संचालित आधार कार्ड केंद्र पर पहुचकर केन्द्र का निरीक्षण व केन्द्र पर मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने कहा कि आधार केन्द्रो पर सुविधाए मिलने से आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और लोगों को कम समय में अपने काम करवाने में मदद मिलेगी।

### राज्यसभा सदस्य बनने पर दी बधाई

## आईजा परिवार करेगा डॉ. मीनाक्षी जैन का सम्मान



**सिरोंज।** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा भारतीय इतिहासकार और राजनीति विज्ञानी मीनाक्षी जैन को राज्यसभा सभा का सदस्य मनोनित होने पर आईजा परिवार ने बधाई दी। तो वही ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशियशन आईजा के राष्टीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया एंव मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने महामहिम राष्टपति द्रौपदी मुर्मु का आभार व्यक्त किया। वही उन्होने कहा कि शीघ्र ही आईजा परिवार भारतीय इतिहासकार और राजनीति विज्ञानी डॉ मीनाक्षी जैन का सम्मान करेगा। आईजा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने बताया कि डॉ मीनाक्षी जैन एक भारतीय इतिहासकार और राजनीति विज्ञानी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में काम किया है। उन्हें भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक इतिहास, विशेष रूप से मध्यकालीन और औपनिवेशिक भारत पर उनके काम के लिए जाना जाता है। उन्हें 2020 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। डॉ. मीनाक्षी जैन का जन्म पत्रकार गिरिलाल जैन की बेटी के रूप में हुआ था, जो टाइम्स ऑफ इंडिया के संपादक थे। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उनकी डॉक्टरेट थीसिस, ह्लसामाजिक आधार और जाति और राजनीति के बीच संबंधह्ल, 1991 में प्रकाशित हुई थी। डॉ. जैन ने नेहरू मेमोरियल संग्रहालय और पुस्तकालय में एक साथी के रूप में भी काम किया। 2014 में, उन्हें भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया गया था।

### नवागत पुलिस एसडीओपी सोनू डाबर ने किया पदभार ग्रहण



**सिरोंज।** पुलिस एसडीओपी सोनू डाबर ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पदभार ग्रहण करने के पश्चात स्टाफ से परिचय कर अन्य जानकारी प्राप्त की। साथ पुलिस थाना पहुचकर पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण किया। तो वही शहर की समस्याओं एंव अन्य जानकारिया एकत्रित करने के पश्चात उन्होने कहा कि सिरोंज क्षेत्र में गुडागर्दी जैसे मामलो पर अंकुश लगाया जाएगा। जो लोग कानून के विरोध कार्य करेगें उन्हे बकसा नही जाएगा।

### जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुना

**सागर।** नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये आयोजित की गई जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न वार्डो से आये नागरिक जिनमें समस्त वार्डवासी शास्त्री वार्ड, उत्तम यादव मधुकर शाह वार्ड, मुहम्मद निसार दयानंद वार्ड, पूरन नन्हेलाल, कबीता यादव विट्ठल नगर वार्ड, यशवंत बंसल, बृजेश बंसल, सोनम धानक राजीव नगर वार्ड, रजनी सोनी अंबेडकर वार्ड, एवं कैलाश श्रीवास्तव राजीव नगर वार्ड ने नगर निगम ने अपनी-अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए जो भी आवेदन प्रस्तुत किए जा रहे हैं उनका निराकरण शीघ्र करें। जनसुनवाई में उपायुक्त एस एस बघेल, विजय दुबे, संजय तिवारी, सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### क्षेत्र में धान की रोपाई का कार्य हुआ तेज

## थमा लगातार बारिश का दौर निकली धूप, मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले 3 सप्ताह से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन बारिश हो रही थी। सोमवार को आसमान से बादलों का डेरा हटाने के साथ दिन में किली तेज धूप से नगर एवं क्षेत्र के निवासी राहत महसूस करते रहे। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के असर से धान गढ़ा भर जने से धान की खेती करने वाले हजारों किसान खेतों की मिट्टी मचाई और धान रोपाई के कार्य को प्राथमिकता दे रहे है। दिनों दिन क्षेत्र में धान रोपाई का कार्य गति पकड़ रहा है।

भले ही धान की रोपाई के लिए मशीन आ गई हो, परंतु बाड़ी, बरेली, खरगोन, उदयपुरा क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा परंपरागत रूप से ही पानी से भरे खेतों में मजदूरों के माध्यम से धान रोपाई का कार्य करायाजाता है। मजदूरों द्वारा धान रोपाई में समय अधिक लगता है। क्षेत्र में प्रदेश के अन्य जिलों एवं उ.प्र, बिहार से कृषि मजदूरों के परिवार धान रोपाई कार्य के लिए आते है। उनका आना और गांवो खेतों तक पहुंचना शुरू हो गया है। किसानों द्वारा अब बासमती धान के साथ गैर बासमती धान की व्यापक स्तर पर खेती की जाने लगी है।

#### निकली धूप, मिली राहत

पिछले 3 सप्ताह से संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में बारिश हो रही थी। नदी नालों एवं नर्मदा मैया में बाढ़ की स्थिति और निचले हिस्सों में जल भराव की परेशानियां उत्पन्न हो गई थी। जहां देखो वहां पानी, कीचड़ और भारी नमी के कारण ग्रामीणों का गांवो घरो से बाहर निकलना कठिन हो रहा था। सोमवार को बारिश न होने के साथ दिन में तेज धूप निकलने से भले ही भारी उमस का प्रकोप बढ़ गया परंतु बारिश थमने से नगर एवं क्षेत्र के निवासी राहत महसूस करने लगे है।




### नपा अध्यक्ष चौधरी ने सादगी पूर्ण तरीके से मनाया जन्मदिन

**बरेली।** नगर के प्रथम नागरिक नपा अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी का जन्मदिन बड़े ही सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया । परिवार में गमी हो जाने के कारण अध्यक्ष चौधरी ने अपने जन्मदिवस पर सर्वप्रथम छींद दरबार में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया ।नपा अध्यक्ष के निवास पर जन्म दिन की बधाई देन नागरिको,नप सी एम ओ हरीशकर वर्मा अन्य अधिकारियो व्यापारियो नप के पार्पदो की जन्म दिन की बधाईया देने भीड लगी रही। सुबह से ही अध्यक्ष के निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा इस दौरान ईस्ट मित्रों ने पटेल अध्यक्ष का हरफूल माला से स्वागत कर मुंह मीठा कराते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी एवं सदा स्वस्थ रहने की कामना की इस दौरान नगर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश विद्रुआ , डॉ देवेंद्र धाकड़, अनिल वर्मा , राधेश्याम पालीवाल, साहब सिंह धाकड़ ,हिउस अध्यक्ष दिनेश बबेले, अनिल धाकड़ दुर्गा धाकड़, भीकम राय, मारुति द्ववेदी, श्रवण धाकड़, संतोष मालवीय, पवन सिलावट, राजेंद्र धाकड़, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बधाइयां दी।

### मूंग उत्पादन के साथ किसानों को हुआ आर्थिक नुकसान

# कटने से रही मूंग, लगातार बारिश से खेतों में सड़ने गलने की स्थिति



**बरेली।** इस वर्ष क्षेत्र में 60 हजार हे. से अधिक रकबे में मूंग की खेती की गई। जिन किसानों ने मूंग की बोवनी पहले की ओर 15 जून से पूर्व मजदूरों या हारवेस्टरों से मूंग कटवा ली उनकी मूंग सुरक्षित रही।

जिन किसानों ने मूंग की बोवनी बिलम्ब से की और 15 जून के बाद बारिश रूकने का इंतजार करते रहे। ऐसे किसानों की मूंग खेतों में अत्याधिक बारिश का पानी नमी के कारण मजदूरों, हारवेस्टरों के न पहुंचने से खेतों में ही सडऩे गलने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। समय पूर्व जोरदार और निरंतर बारिश के कारण हजारों एकड़ में उगी मूंग फसल कटने से रह गई। जिससे मूंग के दानों के साथ किसानों की फसल पैदा करने में लगी लागत का प्रति एकड़ भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पडा।

#### लगातार बारिश ने बिगाड़ी खेती

एक ओर लगातार भारी बारिश से किसानों की मूंग कटने से रह गई। वही बारिश के कारण किसान फसल कटने के बाद भी खेतों में धान की क्यारियां (गढ़ा) बनाने से चूक गए। अर्थात क्षेत्र के सेकडो किसानों को मूंग फसलों के नुकसान के साथ खरीफ की मुख्य फसल धान की खेती करने का मौका भी नहीं मिल पाता है। यदि धान की रोपाई में बिलम्ब तो कटाई में बिलंब फिर गेंहू, चना फसलों की बोवनी में बिलम्ब होने से प्रत्येक फसल का उत्पादन कम होने के साथ सबसे अधिक फसल चक्र टूट जाने की स्थिति उत्पन्न होती है। मूंग वाले या खाली खेतों में बारिश का पानी भरा होने के साथ अत्याधिक नमी बनी हुई है। जब तक 10-12 दिनों की बतर, बारिश नहीं होगी तब तक खेतों की मिट्टी को बखरना संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए किसानों द्वारा बारिश थमने की ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है।

### नशा मुक्ति जगरूगता अभियान रैली

## पुलिस नशे से दूर रहने लोगों को करेगी जागरूक



**बरेली ।** नगर में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पुलिस के द्वारा वृद्ध स्तर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। अभियान के शुभारंभ से पूर्व नवागत एसडीओपी कुंवर सिंह मुक्ति के द्वारा

पत्रकारों से चर्चा के दौरान अभियान से संबंधित एक पखवाड़े में आयोजित कार्यक्रमों को लेकर चर्चा करते हुए अभियान को सफल बनाने में मीडिया से सहयोग की अपील की। बता दें कि नगर में 15 जुलाई से पुलिस के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आमजन खासकर युवा पीढ़ी को नशे से होने वाले नुकसान जिसमें आर्थिक मानसिक शारीरिक और परिवार को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया जाएगा। इस संबंध में नवागत एसडीओपी मुकाती ने बताया नशामुक्ति अभियान एक परिवर्तनकारी पहल है , जिसका उद्देश्य भारत में मादक पदार्थों के सेवन को समाप्त करना है। देखा जा रहा है कि गांव, नगर शहर, महानगर आदि में नशे की प्रवृत्ति में वृद्धि हो रही है। जो आने वाले भविष्य के लिए खतरे का संकेत है।

नगर में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक पुलिस के द्वारा नशामुक्त अभियान की शुरुआत की गई 15 दिनों तक चलने बाले इस अभियान में आज स्कूली बच्चों की रैली निकालकर बच्चों को शपथ दिलबाई गई ।यह रैली थाना प्रांगण से प्रारंभ होकर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

**सागर।** कलेक्टर के आदेशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की प्रजनन अवधि को ध्यान में रखते हुए मछलियों के पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**In The Court Of II Civil Judge Class-I, District Court, Vidisha**

Presiding Officer : श्रीमती रिनी खान शेख
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000018/2025)
धर्मेन्द्र सिंह सेंगर ...................... आवेदक
Vs
सर्वसाधारण ...................... अनावेदक
Process Id- / 2025
पेशी दिनांक :- 08/08/2025

प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता विदिशा जिला विदिशा म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मेन्द्र सिंह सेंगर पता ने मृतक वीरेन्द्र सिंह S/O स्व. हनुमंत सिंह सेंगर निवासी विदिशा म.प्र. की राशि /संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 August 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 August 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 04 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।


**न्यायाधीश, श्रीमती रिनी खान शेख**
**द्वितीय व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**विदिशा म.प्र.**

### राज्यमंत्री पटेल ने भोड़िया में कांटा पूजन कर किया शुभारंभ

# समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्रों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सरकार ने 7 जुलाई से मूंग खरीदी की घोषणा की थी। परंतु बाड़ी, बरेली, खरगोन सहकारी बैंकों के अंतर्गत किसानों के बीच सक्रिय सहकारी संस्थाओं, वेयरहाउस संचालकों, अधिकारियों द्वारा केंद्र बनाने में विलंब के कारण एक सप्ताह विलंब से 14 जुलाई से क्षेत्र के कुछ केन्द्रों पर मूंग की खरीदी शुरू हुई। सहकारी संस्था पांजरा काशीराम के भोड़िया स्थित खरीद केंद्र पर क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने विधि विधान से कांटा पूजन कर मूंग खरीदी की शुरुआत की गई। खरगोन के खरीदी केन्द्रों पर भी समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की शुरुआत हो जाने से किसानों में



राहत बनी हुई है। 6 जुलाई तक मूंग बेचने किसानों द्वारा पंजीयन कराया जाता रहा। हजारों किसानों ने मूंग बेचने तौल शुरू होने का इंतजार करते रहे। 15 जून से पूर्व क्षेत्र के अधिकांश किसानों की मूंग कट चुकी थी। बारिश के दौरान किसी प्रकार अपने घरों में मूंग सुरक्षित रखें रहे। 7 जुलाई के स्थान पर 14 जुलाई को क्षेत्र के कुछ केंद्रों पर तौल खरीद शुरू हो पाई है। वेयरहाउस संचालकों की कार्य प्रणाली के साथ मूंग तुलाई के लिए बारदाने, सिलाई मशीन, मजदूर, हम्मालो की भी समस्या बनी नजर आ रही है।

#### बाहर से आते हैं हम्माल

गेहूं या मूंग की समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी के लिए प्रतिवर्ष सीजन में बिहार, उत्तर प्रदेश से हम्माल मजदूर आते हैं। फिलहाल खरीदी केन्द्रों पर सोमवार से स्थानीय हम्मालो, मजदूरों के भरोसे मूंग की तुलाई तो शुरू हो गई है। भारी मात्रा में क्षेत्र में मूंग उत्पादन हुआ और समर्थन मूल्य पर किसानों ने मूंग बेचने पंजीयन कराया, उसके लिए बाहरी हम्मालो का इंतजार बना हुआ है।





## ढोल-नगाड़ों के साथ भाजपाईयों ने की सेहतगंज पर अगवानी, जगह-जगह मंचों से किया पुष्पों की बरसाकर स्वागत

# बुजुर्गों की सेवाभाव के बीच धूमधाम से मनाया विधायक और विकास पुरुष डॉ प्रभुराम चौधरी का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची सीट के वरिष्ठ विधायक विकास पुरुष डॉ प्रभुराम चौधरी का जन्मदिन मंगलवार को धार्मिक कार्यक्रमों, बुजुर्गों की सेवाभाव के बीच गरिमामय माहौल में धूमधाम से मनाया। विधायक डॉ चौधरी के जन्मदिवस को लेकर पार्टी नेता व कार्यकर्ता खासे उत्साहित नजर आए। भाजपाईयों ने ढोल-नगाड़ों के बीच अगवानी कर सेहतगंज से सैकड़ों वाहनों के काफिलों के साथ सागर रोड़ स्थित श्रीराम परिसर पहुंचे।







### मंचों से डॉ चौधरी का अभूतपूर्व स्वागत

जिला अस्पताल गेट पर प्रिय नेता विधायक डॉ चौधरी का फूलमालाओं से युवा नेता सत्येंद्र सिंह चौहान, मयंक चतुर्वेदी मित्र मंडली ने स्वागत किया। आशा मेडिकल स्टोर के सामने वरिष्ठ भाजपा नेता गिरजेश चतुर्वेदी एडवोकेट, मुकेश चतुर्वेदी, विकास शर्मा, राजू चतुर्वेदी, ब्रजेश चतुर्वेदी बंटी माहेश्वरी, चांदना सरपंच रंजीत लोधी, भाजपा सराफा व्यापार संघ के अध्यक्ष गोविंद सोनी ने बरसते पानी में छतरी लगाकर फूल बरसाकर स्वागत किया। वहीं नपा कार्यालय के सामने नपाध्यक्ष सविता जमना सेन एवं नपा कर्मचारियों व समस्त पार्षदों, माध्यम ग्रुप मित्र मंडली द्वारा फूलमालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए तराजू पर उन्हें लड्डुओं से तौला गया, जिसके बाद लोगों को मगद के लड्डू बांटे गए। सागर भोपाल तिराहे पर युवा नेता अंशुल शर्मा व मित्र मंडली द्वारा मंच से फूल बरसाकर डॉ चौधरी का स्वागत किया।

### इंद्रदेव ने लगाई बारिश की जोरदार झड़ी

मंगलवार को दोपहर जब विधायक डॉ चौधरी का जन्मदिन जोरदार तरीके से मनाया जा रहा था, तब इंद्रदेव ने प्रसन्न होकर जोरदार बारिश की झड़ी लगा दी। जिससे नेता कार्यकर्ता और उत्साहित हुए भारत से पानी के बीच अपने प्रिय नेता लाड़ले विधायक डॉ चौधरी का बरसात होने की परवाह न करते हुए भीगते हुए उनका फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

### जन्मदिन की खुशी में रोपे पौधे

*विधायक डॉ चौधरी ने जन्मदिन के उपलक्ष्य में वन विभाग रायसेन द्वारा बनखेड़ी वन सुरक्षा समिति की तरफ से पौधरोपण कर हरियाली और खुशहाली का दिया संदेश। इस अवसर पर डीएफओ सामान्य प्रतिभा शुक्ला, एसडीओ सुधीर पटले, वन रेंजर प्रवेश पाटीदार, कपिल तिवारी वनकर्मी मौजूद रहे। पीएमश्री कॉलेज पाटनदेव में भी पौधरोपण कार्यक्रम रखा गया। यहां विधायक डॉ चौधरी, कॉलेज जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, प्राचार्य किशोर जॉन, लेक्चरर जीएस कुर्वेती ने छायादार कदंब के पौधे रोपे।*

### श्रीराम परिसर में लगी स्वागत की होड़, जन्मदिन की खुशी में विधायक ने काटा केक

*श्रीराम परिसर पर बने मंच पर सांची विधायक डॉ. चौधरी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशियां मनाईं। इस पावन मौके पर भाजपा नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं, अधिकारी-कर्मचारियों ने फूलमालाओं से स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर उनके पुत्र पर्व चौधरी, रौनक चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, राकेश शर्मा सलामतपुर, ब्रजेश चतुर्वेदी, वीर सिंह पटेल, नकतरा के पूर्व सरपंच कालूराम विश्वकर्मा, सांचेत मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल सहित स्थानीय कई नेता मौजूद रहे। मंच पर डॉ चौधरी का बड़ी फूलमालाओं से स्वागत विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, जिपं सदस्य सपना लावनिया, कालूराम विश्वकर्मा नकतरा, वरिष्ठ भाजपा नेता एस. मुनियन, युवा नेता प्रकाश मुनियन, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा, मिथलेश सोनी, रेवाराम पप्पू अहिरवार, पूर्व अध्यक्ष सुशीला अहिरवार सांची मित्र मंडली द्वारा गर्मजोशी से किया स्वागत। डॉ चौधरी के जन्मदिन की खुशी में भाजपाईयों द्वारा महात्मा गांधी वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को फल स्वल्पाहार भी वितरित किया।*

---

## अनदेखी : बसों में क्षमता से अधिक बैठाए जा रहे यात्री, कार्रवाई का नहीं डर

# सड़कों पर दौड़ रहीं अनफिट यात्री बसें, जान को हथेली पर लेकर मुसाफिर कर रहे सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में जिला परिवहन विभाग की उदासीनता अनदेखी के चलते सड़कों पर खटारा बसें सरपट दौड़ रही हैं। पूर्व में गुना, टीकमगढ़ सहित रायसेन जिले में घटित हुई सड़क दुर्घटनाओं से प्रशासन, सरकार ने कोई सबक नहीं लिया है। रायसेन से भोपाल सागर जबलपुर सतना रीवा पन्ना जिलों में दौड़ रही हैं। इन बसों के मालिक सत्ताधारी सरकार के नेता विधायक सांसदों के रिश्तेदारों की बताई जा रही हैं।

इन दिनों चल रहे बारिश के सीजन में हाइवे पर ओवरलोड बस दौड़ लगा रही हैं, जिससे यात्रियों की जान को खतरा है। परिवहन विभाग के अधिकारियों की टीम ने जब जांच की तो हालत यह है कि 40 सीटर बस में 70 से 80 यात्री बैठा रहे हैं। जगह नहीं मिलने पर कुछ यात्री तो गेट पर ही लटक कर यात्रा करते हैं।

बड़ी बात यह है कि रोज सड़कों पर जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जांच के बाद भी बस चालक बेखौफ होकर क्षमता से अधिक सवारियों को बैठा कर अपनी बसें दौड़ा रहे हैं। सागर से इंदौर और रायसेन से भोपाल बसों में भीड़ इतनी अधिक है कि यात्रियों को सांस लेने तक की जगह नहीं बचती।

### फैक्ट फाइल

- परमिट शर्तो का उल्लंघन कर बनाए मनमाने रूट।
- क्षमता से अधिक बैठा रहे सवारियां
- पैनिक बटन का भी नहीं उपयोग।
- कुछ बस ड्राइवरों-कंडक्टरों के पास नहीं है लाइसेंस।




### बड़े हादसों से भी प्रशासन नहीं ले रहा कोई सबक

*गौहरगंज, गुना रायसेन विदिशा मार्ग में हुए बड़े हादसे के बाद भी परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस द्वारा सही तरीके से एक भी बसों की न तो जांच की और न किसी के दस्तावेज जांचे। जबकि, अधिकतर खटारा बसें 50 किलोमीटर के दायरे वाले रूट पर दौड़ रही है। यह रूट शहर को आसपास के गांवों और कस्बों से जोडने वाले है। कई प्रमुख रूट पर भी खटारा बसों के चलने के कारण यात्रियों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं अधिकारी बोलते हैं कि जांच की यह प्रक्रिया सतत चलती रहती है।*

### छोटे रूट की स्थिति

- रोजाना चलने वाली बसें - 150
- यात्रियों की संख्या - 700

### बड़े रूट की स्थिति

- रोजाना चलने वाली बसें - 600
- यात्रियों की संख्या - 3000

### आए दिन हो रहे हादसे

आए दिन रोड पर बसों के हादसे हो रहे हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही रायसेन से भोपाल जाते समय एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिसमें लगभग 10 यात्री घायल हुए थे। इसके बाद भी अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। कुछ यात्री बसें तो कंडम हालत में ही रोड पर दौड़ रही है। ना तो इनके बसों की फिटनेस परमिट की जांच होती है ना ही कागज लाइसेंस बीमा की। वहीं बस चालक टाइम मिलाने को लेकर यात्रियों की जान तक खतरे में डाल देते हैं।

### परिवहन विभाग नहीं करता कार्रवाई, ट्रैफिक पुलिस भी नहीं दे रही ध्यान

जिला परिवहन, यातायात पुलिस महकमे के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सड़कों पर दौड़ रहीं खटारा बसों की जांच करने जांच कार्रवाई करने रूटों पर नहीं पहुंचते। जिससे बस ऑपरेटरों, कंडेक्टर, चालकों के हौसले बुलंद हैं। परिवहन विभाग खटारा बसों पर कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। कोई हादसा होने पर जांच के नाम पर खानापूर्ति शुरू कर दी जाती है। इस समय तो जांच के नाम पर खानापूर्ति भी नहीं की जा रही है।

### इनका कहना है

हमारे द्वारा रोजाना सड़कों पर बसों की जांच पड़ताल की जा रही है, जिसमें ओवर लोडिंग यात्री बसों, बिना सीट बेल्ट आदि वाहनों के विरुद्ध 17500 चालानी कार्रवाई की गई थी। जांच की प्रक्रिया सतत चलती रहती है।

**- जगदीश सिंह भील,** जिला परिवहन अधिकारी रायसेन।

---

# सड़क की समस्या से परेशान ग्रामीण जनसुनवाई में पहुंचे

### सुल्तानपुर के आधा दर्जन गांव सड़क विहीन




◆ सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष एवं छोटे बच्चों के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले की तहसील सुल्तानपुर के चिलवाहा, घेंटा कछार, नयापुरा बड़कुई आदि गांवो में सालों से सड़क विहीन हैं। बारिश के इस मौसम में ग्रामीणजनों का आवागमन मुश्किल हो रहा है। स्कूलों के बच्चे कीचड़ भरे रास्तों से रोजाना स्कूल आना जाना कर रहे हैं।

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सुल्तानपुर तहसील के करीब आधा दर्जन गांव के ग्रामीण छोटे-छोटे मासूम बच्चों के साथ टैक्टर-ट्रालियों में सवार होकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के नाम डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा को दिया ज्ञापन। ज्ञापन में कहा कि सड़क नहीं तो हम नहीं जाएंगे यहां से उठकर घर। छोटे छोटे बच्चें स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

हम आपको बता दें कि वन विभाग और आरईएस के बीच सड़क की जमीन के मामले को लेकर मामला उलझा हुआ है, जिसके चलते उक्त ग्रामों में सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों द्वारा काफी समझाइश एवं समस्या जाहिर करने के बाद आला अफसरों द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द की अधिकारियों को भेज जांच कर सड़क बनाई जाएगी।

---

### जिले में अब तक 569.5 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 15 जुलाई तक 569.5 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई है, जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 331.5 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के वर्षामापी केंद्र रायसेन में 376 मिलीमीटर, गैरतगंज में 542.2, बेगमगंज में 753.2, सिलवानी में 640, बरेली में 558.4, उदयपुरा में 827, बाड़ी में 444, सुल्तानपुर में 479.6 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 731 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वहीं जिले में बीते 24 घंटे में मंगलवार सुबह 8 बजे तक 1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 6.8 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई।

## अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति से निपटने बनाए कंट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ की स्थिति से निपटने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार पीएचई विभाग रायसेन में कंट्रोल रूम संचालित है। कंट्रोल रूम में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संबंधी समस्या के निराकरण के लिए भी संपर्क किया जा सकता है।

जिले में अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री गिरीश काम्बले को दूरभाष नंबर 07482-290240 पर या मो.न. 8349922083 पर सूचना दी जा सकती है। साथ ही नियंत्रण कक्ष प्रभारी वरूण दुपारे उपयंत्री मो.न. 8447737627 तथा दीपक राय जिला समन्वयक मो.न. 8085523116 पर अवगत कराया जा सकता है। इसी प्रकार ब्लॉक सांची अंतर्गत उपयंत्री वरूण दुपारे मो.न. 8447737627 पर, गैरतगंज विकासखण्ड अंतर्गत उपयंत्री सतीश बारपेटे मो. 9425992986, बेगमगंज अंतर्गत उपयंत्री जितेन्द्र अहिरवार मो.न.9074274192, सिलवानी विकासखण्ड अंतर्गत पम्प ऑपरेटर कैलाश रघुवंशी मो.न. 8085979966 को अवगत कराया जा सकता है।

बाड़ी ब्लॉक में उपयंत्री मनीष पाटीदार को मो. 8889134870 तथा उपयंत्री आशीष पंथी और उदयपुरा विकासखण्ड अंतर्गत उपयंत्री राहुल सोलंकी मो.न. 9770379329 पर अवगत कराया जा सकता है।

## हरदा की घटना के विरोध में करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

हरदा में बीते दिनों पुलिस ने छात्रावास में घुस कर छात्रों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई। घटना के विरोध में करणी सेना ने राज्यपाल के नाम मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा व उचित कार्रवाही की मांग की है।

करणी सेना के जिलाध्यक्ष अंकुश रघुवंशी, ब्लाक अध्यक्ष राजा रघुवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# डंडेरा की सड़क कीचड़ में हुई तब्दील आवागमन में ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

ग्राम पंचायत सांचेत के अंतर्गत ग्राम अंडोल व डंडेरा में बारिश के चलते सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को आने जाने में बहुत परेशानी हो रही है। ग्रामीण तेजराम चिड़ार प्रताप सिंह ने बताया है आए दिन दो पहिया वाहन कीचड़ में फिसल कर गिर जाते है, जिससे दो पहिया वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं।

वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूल आवागमन में बहुत परेशानी होती है। कीचड़ की मुक्ति के लिए ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों से लेकर सचिव को अर्जी देकर निवेदन किया, लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं की है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है।



बारिश से ग्राम डंडेरा एवं अंडोल की सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। लापरवाही का आलम यह है कि दो पहिया वाहन चालक आये दिन कीचड़ में गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्राम अंडाल व डंडेरा के लोग हल्की बारिश से सड़कों पर बने गड्ढों में पानी से भर जाने से गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाते। पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है।

---

# अवैध शराब, जुआ-सट्टे पर पुलिस का कसेगा शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

नवागत थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने कहा कि आपराधिक गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। वहीं अवैध शराब बिक्री व जुआ, सट्टे पर पुलिस शिकंजा कसेगी।

यह बात उन्होंने प्रदेश में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर प्रेस वार्ता में कही। अभियान के अंतर्गत नगर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में नुक्कड़ नाटक तथा सड़क पर जाकर लोगों को नशा मुक्ति के बारे में जानकारी दी जाएगी।

यदि लोग नशा करना छोड़ते हैं तो उनके परिवारों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व्यवस्था हो जाएगी। यह अभियान लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है वहीं जेपी त्रिपाठी ने सांची के बारे में भी पत्रकारों से बातचीत की।

## जन-जागरुकता अभियान का किया शुभारंभ, नशामुक्ति की दिलाई शपथ

# सांची विधायक डॉ चौधरी ने कहा - 'नशे से दूरी है जरूरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे वृहद जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी- है जरूरी' का रायसेन में पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, एसपी पंकज पाण्डे, एएसपी कमलेश खरपुसे भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में पुलिस विभाग द्वारा 'नशे से दूरी-है जरूरी' जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह वास्तव में काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहना है तो नशे से दूर रहना होगा। डॉ चौधरी द्वारा नशामुक्त भारत बनाने लोगों को सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई।




कार्यक्रम में एसपी पंकज पांडे ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 15 से व 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें नशे की इस बुरी लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है। अभियान के तहत 30 जुलाई तक जिले में स्कूल-कॉलेज में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विधायक डॉ चौधरी द्वारा महामाया चौक से 'नशे से दूरी - है जरूरी' अभियान के तहत जागरूकता रैली और प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### नशे से दूर रहने का छात्रों को दिलाया संकल्प

**दीवानगंज।** 15 से व 30 जुलाई तक पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान को लेकर नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं को चौकी प्रभारी द्वारा नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है बल्कि व्यक्ति के परिवार और समाज पर भी इसका गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शराब, तंबाकू, सिगरेट, ड्रग्स जैसे नशे ने खतरनाक रूप ले लिया है। ये आदतें धीरे-धीरे व्यक्ति को वास्तविक जीवन से दूर कर देती हैं और उन्हें मानसिक और भावनात्मक रूप से कमजोर बना देती हैं। इस मौके पर चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, प्रधान आरक्षक दिलीप यादव, आरक्षक संदीप रघुवंशी, प्राचार्य प्रभारी प्रीति कहार सहित विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे।

### नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों से किया संवाद, निकाली रैली

**सिलवानी।** पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध जन जागरुकता अभियान का शुभारंभ मंगलवार को किया, जिसका समापन 30 जुलाई को किया जाएगा। इस दौरान जन जागरुकता के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। अभियान के प्रथम दिन टीआई पूनम सविता शिक्षण संस्थाओं में पहुंची तथा विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। जन जागरुकता अभियान के तहत नगर के सांदीपनि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नगर में रैली भी निकाली, हाथों में नशे के विरुद्ध स्लोगन लिखी तख्तियां रखे, नारे लगाते हुए विद्यार्थी नागरिको को जागरुक कर रहे थे। रैली में सांदीपनि विद्यालय के शिक्षक, नगर रक्षा समिति के सदस्य, थाना प्रभारी पूनम सविता, पुलिस आदि द्वारा सहभागिता की गई।

